शान्ति देवी
अध्यक्ष
राज्य मंत्री

उत्तराखण्ड सरकार

कार्यालय–01368–222503
मोबाईल नं0–9412083147
9756971520
जिला पंचायत पौड़ी गढ़वाल
Email.Id-districpanchayat pauri@gmail.com

अ०शा० पत्रांक 005/8./21-7/शिविर दिनांक 04.8.2023

सेवा में,

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया,

नई दिल्ली।

विषयः– पत्रांक संख्या–UKMSSD@2023&24@Virtual Classes Equipment/035 दिनांक 31 अगस्त 2023 के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपयुक्त के सन्दर्भ में निवेदन है कि उत्तराखण्ड के पर्वतीय जनपदों में शैक्षणिक उन्नयन की आधुनिक तकनीकी का नितान्त अभाव है, जिससे यहां की प्रतिभावान एवं योग्य प्रतिभाओं को शिक्षा का आधुनिक लाभ नही मिल पा रहा है। उत्तराखण्ड मानव सेवा समिति रजि0 35 हिमालय अर्पाटमेन्ट 61, इन्द्रप्रस्थ विस्तार पड़पडगंज द्वारा प्रस्तावित एवं एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित राज्य के 80 दूरस्थ माध्यमिक विद्यालयों में जनपद रूद्रप्रयाग के 18 माध्यमिक विघालयों में डिजिटल क्लासेस से आच्छादित करने का उत्कृष्ट प्रयास किया जा रहा है, जो कि जनपद के दूरस्थ क्षेत्र के गरीब एवं वंचित समुदायों के छात्र–छात्राओं के शैक्षिण उन्नयन में मील का पत्थर साबित होगा, एवं छात्र–छात्रओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का लाभ भी मिलेगा।

महोदय उत्तराखण्ड मानव सेवा समिति का स्थापना काल से ही सामाजिक सन्दर्भों में उत्कृष्ट योगदान रहा है। कोरोना काल के दौरान संस्था द्वारा उच्च क्वालिटी के मास्क सैनिटाइजर, इंफारेड थर्मामीटर दवाईयों के साथ ही असहाय एवं गरीब लोगों को राशन एवं अन्य गृह उपयोगी सामग्री वितरित की गयी।

अतः एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया नई दिल्ली एवं उत्तराखण्ड मानव सेवा समिति के इस उत्कृष्ट पहल के लिये जनपद की जनता अत्यन्त आभारी है। इसके साथ ही संज्ञान में लाया जाना है कि जनपद के उक्त 18 चयनित माध्यमिक विघालय डिजिटल कक्षा से आद्यतन आच्छादित नही है। अस्तु उक्त विघालय योजना से आच्छादित किये जाने के लिये पूर्ण पात्रता रखते हैं।

भवदीय,

(शान्ति देवी)
अध्यक्ष
जिला पंचायत पौड़ी

प्रतिलिपिः– उत्तराखण्ड मानव सेवा समिति 35 हिमालयन अपार्टमेन्ट 61 इन्द्रप्रस्थ विस्तार पड़पड़गंज को सूचनार्थ प्रेषित।

(शान्ति देवी)
अध्यक्ष
जिला पंचायत पौड़ी